No. of Printed Pages : 10 **CNCC–2**

# CERTIFICATE IN NUTRITION AND CHILD CARE

# (CNCC)

## Term-End Examination

## December, 2025

### CNCC-2 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *(i) Attempt **five** questions in all.*

*(ii) Question No. **1** is compulsory.*

*(iii) Answer any other **four** questions.*

*(iv) All questions carry equal marks.*

---

1. (a) Given below is a list of activities/ situations, state in which area does each of the following activities situations mainly fosters development. Refer to the example. 11

| Activity | Area of Development |
|---|---|
| Scribbling | Fine motor Development |

(i) Colouring

(ii) Climbing jungle gym

(iii) Getting excited by seeing friends

(iv) Making castle with sand

(v) Greeting teachers

(vi) Identifying objects of same shape

(vii) Singing rhymes

(viii) Putting together jigsaw

(ix) Story telling

(x) Sorting pulses of different colours

(xi) Block play

(b) Differentiate between the following : 3+3+3

(i) Fine motor and Gross motor development

(ii) Differentiation and Integration

(iii) Cooing and babbling

2. (a) A pre-school teacher has planned a field trip to park for a group of 4-year-olds. Describe one activity to be conducted prior to the trip and one activity after the trip to facilitate learning of children through the field trip. 5+5

   (b) Describe any *two* sensory capabilities of a newborn. 10

3. (a) Explain giving examples, how indoor and outdoor games promote preschooler's development in different domains. 15

   (b) Briefly describe any *two* methods through which parents involvement in the ECCE Centre can be increased. 5

4. (a) Explain why it is important for the toddler to develop autonomy. 5

   (b) Describe, giving examples, about any *three* principles one must adhere to for nurturing creativity among children. 15

5. (a) What are the different stages of language acquisition in the first year of life. Explain each stage with suitable examples. 12

   (b) State any *four* aspects a preschool educator must keep in mind while narrating stories to a group of children. 8

6. (a) List the four stages of Human Life Span and highlight *two* characteristic features of each stage. 2+8

   (b) Describe the two ways of disciplining that you have read about and impact each has on the child's development. 5+5

7. Write on any *four* of the following in about **200** words : 4×5=20

   (a) Pre-reading and pre-writing skills

   (b) *Five* factors to keep in mind when formulating daily schedule

(c) *Five* factors to keep in mind when evaluating Space and Play Materials

(d) Any *two* memory games

(e) Reward and punishment

(f) Impact of family structure on children's development

# CNCC–2

# पोषण और बाल देखभाल में प्रमाण-पत्र

## (सी. एन. सी. सी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2025

## सी.एन.सी.सी.-2 : बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(ii) प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।*

*(iii) इसके अलावा किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*

*(iv) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. (अ) आगे कुछ गतिविधियों/परिस्थितियों की सूची दी गई है। बताइए कि निम्नलिखित में से प्रत्येक गतिविधि/परिस्थिति किस क्षेत्र में मुख्य रूप से विकास को बढ़ावा देती है। 11

उदाहरण देखें :

| गतिविधि | विकास का क्षेत्र |
|---|---|
| स्क्रिबलिंग | सूक्ष्म क्रियात्मक विकास |

(i) रंग भरना

(ii) जंगल जिम पर चढ़ना

(iii) दोस्तों को देखकर उत्साहित होना

(iv) रेत से महल बनाना

(v) शिक्षकों का अभिवादन करना

(vi) समान आकार की वस्तुओं की पहचान करना

(vii) कविताएँ गाना

(viii) प्रहेलिका के टुकडे जोड़ना

(ix) कहानी सुनाना

(x) अलग–अलग रंगों की दालों को छाँटना

(xi) गुटकों के साथ खेलना

(ब) निम्नलिखित में अंतर बताइये : 3+3+3

(i) स्थूल एवं सूक्ष्म क्रियात्मक विकास

(ii) विभेदीकरण एवं एकीकरण

(iii) कूजन एवं बलबलाना

2. (अ) एक शालापूर्व शिक्षिका ने 4 साल के बच्चों के समूह के लिए पार्क में एक भ्रमण की योजना बनाई है। भ्रमण के माध्यम से बच्चों की सीखने के सन्दर्भ में भ्रमण से पहले आयोजित की जाने वाली एक गतिविधि और भ्रमण के बाद आयोजित की जाने वाली एक गतिविधि का वर्णन कीजिए। 5+5

(ब) नवजात शिशु की किन्हीं **दो** संवेदात्मक योग्यताओं के बारे में लिखिए। 10

3. (अ) उदाहरण देकर समझाइए कि किस प्रकार बाहरी तथा भीतरी खेल विभिन्न क्षेत्रों में शालापूर्व वर्षों के बच्चों विकास को बढ़ावा देते हैं। 15

(ब) किन्हीं **दो** तरीकों पर चर्चा कीजिए जिनके माध्यम से शालापूर्व केंद्र में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। 5

4. (अ) समझाइए कि बच्चे के लिए स्वायत्तता विकसित करना क्यों महत्वपूर्ण है ? 5

(ब) बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए शालापूर्व शिक्षिका द्वारा पालन किये जाने वाले किन्हीं **तीन** सिद्धांतों के बारे में उदाहरण देते हुए लिखिए। 15

5. (अ) जीवन के पहले वर्ष में भाषा अर्जन की विभिन्न अवस्थाएँ क्या हैं ? प्रत्येक चरण को उपयुक्त उदाहरण के साथ समझाइए। 12

(ब) बच्चों के समूह को कहानियाँ सुनाते समय शालापूर्व शिक्षिका को किन **चार** पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए, बताइए। 8

6. (अ) मानव जीवन काल के चार चरणों की सूची बनाइए और प्रत्येक चरण की **दो** विशिष्ट विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

(ब) अनुशासन के किन्ही **दो** तरीकों का वर्णन कीजिए जिनके विषय में आपने पढ़ा है और यह भी बताइए कि प्रत्येक तरीके का बच्चे के विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 10

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर 200 शब्द लिखिए : $4 \times 5 = 20$

(अ) पठन–पूर्व और लेखन–पूर्व कौशल

(ब) पाठ्यचर्चा की योजना बनाते समय ध्यान रखने योग्य **पाँच** कारक

(स) जगह और खेल सामग्री का मूल्यांकन करते समय ध्यान में रखने योग्य **पाँच** कारक

(द) कोई **दो** स्मरण–शक्ति संबंधित खेल

(य) पारितोषक और दंड

(र) बच्चों के विकास पर पारिवारिक संरचना का प्रभाव

× × × × ×